तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 23.1 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025



11 डॉक्टर्स और सीए को सम्मानित किया





12 विद्यार्थी स्कूल पहुंचे तो गेट पर मिला जलभराव




## खबर संक्षेप

### बहुतकनीकी संस्थानों में दाखिले की तिथि बढ़ाई

**हिसार।** हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में दाखिले की तिथि बढ़ा दी है। अब 10वीं आधारित डिप्लोमा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 3 जुलाई तक कर दी गई है। जो विद्यार्थियों किसी कारणवश रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए थे वे अब 3 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि 12वीं बेस आवदेन की तिथि में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। नोडल इंचार्ज नरेश सुधार के अनुसार 10वीं बेस पर दाखिले के लिए प्रथम काउंसलिंग 10 से 15 जुलाई तक चलेगी।

### बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज

**हांसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन आफ इंडिया के आह्वान पर फैसला किया है कि पूरे प्रदेश में 2 जुलाई को सब डिवीजन स्तर पर विरोध गेट मीटिंग करके सरकार की निजीकरण नीतियों को कर्मचारी विरोधी उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी राज्य चैयरमेन देवेंद्र सिंह हुड्डा , राज्य प्रधान सुरेश राठी ,उप महासचिव राजेन्द्र राणा, सुरेंद्र यादव ने दी।

### 12 बोतल अवैध शराब के साथ एक युवक काबू

**नारनौंद।** पुलिस चौकी मिर्चपुर ने 12 बोतल अवैध देशी शराब सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी मिर्चपुर पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव मिर्चपुर से 12 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान बिहार के गांव किशनगढ़ के मुकेश यादव के रूप में हुई है।

### बाल भवन में तैराकी चैंपियनशिप 6 को

**हिसार।** आगामी 6 जुलाई को बाल भवन के स्विमिंग पूल में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 7 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों व बच्चियों के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। यह आयोजन जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सुरक्षा और सुविधा की उचित व्यवस्था की जाएगी।

### 35 लाख की धोखाधड़ी मामले में एक पकड़ा

**नारनौंद।** थाना नारनौंद पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 35 लाख 33 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले मामले में आरोपित अंकुश निवासी लोहारी राघो को मामले में जांच शामिल किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव लोहारी राघो निवासी मयंक पुत्र राजेश के भाई व भाभी को विदेश इंग्लैंड भेजने के नाम पर 35 लाख 33 हजार 996 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### बहन पर हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने घरेलू झगड़े के दौरान अपनी बहन पर जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी हिमांशु उर्फ मिट्ठू निवासी हिसार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल 2024 को आरोपी ने लोहे की रॉड से अपनी बहन पर हमला किया था और वारदात के बाद फरार हो गया था। फरारी के दौरान वह भटिंडा (पंजाब) की झुग्गियों में पहचान छुपाकर कबाड़ इकट्ठा करने का काम कर रहा था। तकनीकी निगरानी व गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने उसे काबू किया।


---

छात्र आंदोलन : 22 दिन बाद विधायक रणधीर पनिहार की मध्यस्थता से देर रात सिरे चढ़ा समझौता

# विश्वविद्यालय स्तर की मांगें मानी, वीसी और रजिस्ट्रार पर फैसला बाद में, आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 22 दिनों से चल रहा आंदोलन मंगलवार देर रात समाप्त हो गया। नलवा के विधायक रणधीर पनिहार की मध्यस्थता से प्रशासनिक व विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस समझौते को सिरे चढ़ाया। विवि स्तर की सभी मांगों को मान लिया गया है, वीसी और रजिस्ट्रार पर फैसला बाद में होगा, इसके लिए 20 दिन का समय दिया गया है। मांगों के सिरे चढ़ने के बाद आंदोलन समाप्त करने पर सहमति बनी। विधायक रणधीर पनिहार ने एचएयू के चार नंबर गेट पर चल रहे धरना स्थल पर आकर समझौते का ब्यौरा दिया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद छात्र नेताओं ने समझौते का ब्यौरा दिया और कहा कि कुछ मांगों को छोड़कर बाकी मांगों पर हमारी सहमति हो गई है। छात्र नेता ने बताया कि पहले दो बार जो समझौते हुए थे, उनमें हमें कुछ लिखित में नहीं मिल रहा था, लेकिन अब प्रशासन ने हमें सब कुछ लिखित में दिया है। इसके तहत कुलपति व रजिस्ट्रार को छुट्टी पर भेजे जाने की मांग पर सरकार लगभग 20 दिन में कार्रवाई करेगी और मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। इसके अलावा छात्र कल्याण निदेशक को हटाने, डीन, वार्डन व अन्य को हटाने की कार्रवाई कर दी गई है और इसके आदेश जारी कर दिए गए है। मारपीट के आरोपी सहायक प्रोफेसर राधेश्याम व पांच सिक्योरिटी गार्डों पर को संस्पेंड किया जा चुका है। इसके अलावा विश्वविद्यालय स्तर की हमारी कोई मांग लंबित नहीं है।



हिसार। धरने को संबोधित करते नलवा से भाजपा विधायक रणधीर पनिहार



हिसार। दिन में छात्रों ने पत्रकारों से बात की और आंदोलन के बारे में जानकारी दी।

**समय दिया**

- वीसी और रजिस्ट्रार पर निर्णय को लेकर में 20 दिन का समय दिया गया
- प्रशासन ने छात्रों को लिखित में दिया मांगें मानने का आश्वासन

**एक्शन**

- छात्र कल्याण निदेशक को हटाने, डीन, वार्डन व अन्य को हटाने की कार्रवाई कर दी गई

**इसलिए विवाद**

### यह है पूरा मामला

स्कॉलरशिप में कटौती के विरोध में 10 जून को हकृवि के छात्र कुलपति से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान छात्रों कुलपति कार्यालय के बाहर बैठने लगे तो वहां तैनात विवि के सिक्योरिटी गार्डस ने उन्हें उठाना शुरू कर दिया। दोनों पक्षों में बहस होने लगी और विवाद बढ़ गया। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें सुरक्षा कर्मी छात्रों कोपीटते नजर आए। इस मसले को लेकर मंगलवार देर रात छात्रों और हकृवि के सुरक्षा कर्मियों के बीच फिर से झड़प हो गई। आरोप है कि विवि के सुरक्षा कर्मियों ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज का आरोप एचएयू के रजिस्ट्रार, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर, प्रोफेसर व सिक्योरिटी गार्डों पर लगा है। घायल लगभग डेढ़ दर्जन छात्रों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। किसी छात्र का सिर फूट गया तो किसी को हाथ व पीठ पर चोटें लगी हैं। ज्यादातर छात्रों को सिर पर चोटें लगी। इस मामले में पुलिस ने झज्जर जिले के भागलपुरी निवासी छात्र दीपांशु की शिकायत पर रजिस्ट्रार पवन कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, प्रोफेसर राधेश्याम के अलावा सुरक्षा गार्ड विजेन्द्र, अनूप, जगमेश पूनिया, नरेन्द्र व सुमन के खिलाफ केस दर्ज किया है। आंदोलनकारी छात्र एफआईआर में दर्ज सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। पुलिस आरोपी प्रोफेसर राधेश्याम को गिरफ्तार कर चुकी है। हकृवि प्रशासन चार सुरक्षा गाड्र्स को बर्खास्त कर चुका है। 22 जून को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा की अध्यक्षता वाली कमेटी के साथ वार्ता के बाद भी आंदोलन जारी है।

#### कुछ संगठनों ने दिखाई नाराजगी

विधायक की मध्यस्थता से समझौता हो गया, आंदोलनकारी छात्र भी खुश नजर आए, लेकिन कुछ संगठनों के लोगों को यह समझौता हजम नहीं हुआ। उन्होंने मौके पर ही समझौते के प्रति नाराजगी जताई। यहां तक कि कुछ नेता तो छात्रों को भी भला बुरा कहते नजर आए। ये वही संगठन थे जो आए दिन किसी न किसी बहाने सुर्खियों में बने रहने के आदी हैं। इससे पहले अधिकारियों की कमेटी दोपहर बाद छात्रों से मिली। कमेटी ने आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्रों से उनकी प्रमुख तीन मांगों पूछी, जिनको लेकर वार्ता फिर से शुरू की जा सके। इस पर छात्रों ने बताया कि इस पर विद्यार्थियों ने मांग दोहराई थी।

#### छात्र आंदोलन को इन्होंने दिया समर्थन

हकृवि के चारों गेट रोकने के लिए छात्र आंदोलन को अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन (सिद्धापुर), अखिल भारतीय किसान संघर्ष समिति, बाडोपट्टी टोल कमेटी, मय्यड़ टोल कमेटी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, भारतीय किसान यूनियन (घासीराम नैन), जनवादी महिला समिति, भारत की जनवादी नौजवान सभा, एसएफआई, कांग्रेस, एनएसयूआई, भारतीय किसान यूनियन (मांगेराम मलिक), सीआईटीयू, भारतीय किसान मजदूर यूनियन, भारतीय किसान यूनियन (अंबावता), छात्र संगठन इनसो, जेजेपी, पगड़ी सम्भाल जट्टा किसान संघर्ष समिति, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत), भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) आदि ने समर्थन दिया।

---

# ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के जरिए 90 लाख की ठगी एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना की टीम ने ऑनलाइन ठगी के एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी सौरव अल्लावादी निवासी मोहल्ला डोगरान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि मामले की गहन जांच की जा सके।

साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि हिसार निवासी एक शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। शिकायत के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा पैसे दोगुना करने का झांसा देकर शिकायतकर्ता को विभिन्न मोबाइल ऐप्स और यूआरएल आदि पर निवेश के लिए प्रेरित किया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार यह गिरोह फर्जी ऑनलाइन सट्टेबाज़ी प्लेटफॉर्म संचालित कर रहा था, जिसके माध्यम से देशभर के लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई। आरोपितों ने शिकायतकर्ता से लगभग 90 लाख रुपये की ठगी की, जिसमें से केवल 25 लाख रुपये ही वापस किए गए।

**झांसे में न आएं**

आमजन से अपील की कि वे इस प्रकार की किसी भी अनधिकृत ऑनलाइन स्कीम, वेबसाइट या ऐप के झांसे में न आएं। किसी भी संदेहजनक गतिविधि की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर थाना को दें।

**-शशांक कुमार सावन, पुलिस अधीक्षक, हिसार**

**12 पर केस दर्ज**

शिकायत में कुल 12 नामजद आरोपी हैं, जिनमें से मुख्य आरोपी चंडीगढ़ निवासी अभिमन्यु उर्फ मन्नू टुटेजा, गौरव टुटेजा, इंदु टुटेजा तथा हिसार निवासी अन्य सहयोगी शामिल हैं। पुलिस द्वारा अब तक की जांच में आरोपियों के बैंक खातों को फ्रीज करने, मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड संरक्षित करने एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

# महिला सुरक्षा के लिए चिन्हित किए छेड़छाड़ के 52 हॉट स्पॉट

**हिसार।** महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिलेभर में छेड़छाड़ की घटनाओं के लिए संवेदनशील स्थलों की पहचान की गई है। ऐसे 52 हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां युवतियों को आए दिन फब्तियां कसने, छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इन सभी चिन्हित स्थानों पर दुर्गा शक्ति टीम की तैनाती कर पुलिस उपस्थिति को सशक्त किया गया है। साथ ही सादी वर्दी में महिला पुलिस कर्मियों को भी नियुक्त किया गया है, ताकि मौके पर ही त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं को ऐसा सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, जिसमें वे निर्भीक होकर घर से बाहर आ-जा सकें। दुर्गा शक्ति टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त करें।

---

**पदोन्नति**

## वीरेन्द्र सहारण अतिरिक्त निगम आयुक्त बने

**हिसार।** नगर निगम के उप निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण को अतिरिक्त निगम आयुक्त के पद पर सरकार द्वारा पदोन्नत किया गया है। वीरेन्द्र सहारण की 4 वर्ष पूर्व पदोन्नति उप-निगम आयुक्त के पद हुई थी। उन्होंने हिसार नगर निगम में 3 वर्ष 3 महीने तक उप-निगम आयुक्त के पद सेवाएं दी हैं। अब सरकार ने उन्हें उप-निगम आयुक्त से पदोन्नत कर अतिरिक्त निगम आयुक्त नियुक्त किया है। इसके लिए उन्होंने सरकार तथा उच्च अधिकारियों का आभार जताया। वीरेन्द्र सहारण की पदोन्नति पर मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एक्सईएन जयबीर डूडी, एक्सईएन अमित कौशिक, सचिव राहुल सैनी, सचिव संजय शर्मा, सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने बधाई दी।



वीरेन्द्र सहारण।

**राकेश मर्डर केस**

## हत्या केस में सात माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की सीआईए टीम ने सातरोड़ कलां निवासी राकेश की हत्या के मामले में सात महीने से फरार चल रहे आरोपी सुरेंद्र निवासी सरहेड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र 21 नवंबर 2024 की शाम स्कोडा गाड़ी से मोटरसाइकिल सवार राकेश और उसके पुत्र अनूप को सीधी टक्कर मारने की वारदात में शामिल था। इस हादसे में राकेश को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके कारण इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र अनूप द्वारा थाना सदर में दी गई। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि यह वारदात जमीनी विवाद और पूर्व झगड़े की रंजिश के चलते की गई थी। घटना के बाद से आरोपी सुरेंद्र फरार था।

- 2024 में 21 नवंबर को जमीनी विवाद के कारण हुई थी राकेश की हत्या

**नशा तस्करी पर शिकंजा**

## विकास नगर से व्यक्ति काबू 7.36 ग्राम हेरोइन बरामद

**हिसार।** पुलिस की पड़ाव चौकी टीम ने विकास नगर से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 7.36 ग्राम हेरोइन बरामद किया है। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। चौकी प्रभारी एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर विकास नगर स्थित सीट कवर फैक्ट्री के पास पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम कपिल, निवासी गांव नौरंगाबाद, जिला भिवानी हाल निवासी आजाद नगर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7.36 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर थाना शहर हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी कपिल को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# ठेका शिफ्ट करने का विरोध, ठेकेदारों पर वादाखिलाफी का आरोप, धरना फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका शिफ्ट न होने के विरोध में एक बार फिर मार्केट एसोसिएशन ने धरना शुरु कर दिया है। धरने की शुरुआत गुरु जंभेश्वर पुस्तकालय की छात्राओं ने दुकानदारों के साथ धरना देकर की। छात्राओं ने दावा किया कि जिंदल हाउस में शराब के ठेकेदारों द्वारा 20 जून को लिखित में समझौता किया गया था कि गुरु जंभेश्वर पुस्तकालय में पढ़ने वाली छात्राओं कि सुरक्षा को देखते हुए महाराजा अग्रसेन मार्केट कि दुकानों व प्लाटों की बोली की शर्तों को देखते हुए महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की गरिमा को देखते हुए 30 जून तक यह ठेका महाराजा अग्रसेन मार्केट से किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर लिया जाएगा लेकिन अभी तक ठेकेदार ने इस बारे कोई भी कार्रवाई अमल में न लाई गई है। इसके रोषस्वरूप छात्राएं मार्केट एसोसिएशन के दुकानदारों सहित धरना पर बैठ गई हैं। मार्केट के प्रधान श्रीराम राजलीवाला ने बताया कि इस मसले पर सोमवार को एक शिष्टमंडल विधायक सावित्री जिंदल से भी मिला था और उन्हें वर्तमान स्थिति से अवगत कराया था। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक शराब ठेका शिफ्ट नहीं होता तब तक प्रतिदिन 11 बजे से 2 बजे तक अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। धरने पर प्रेम बंसल, अशोक कुमार बांगा, ओमप्रकाश ज्याणी, सुखीजा, राजकुमार, मोहित बंसल, कृष्ण गोयल, संजीव बत्रा आदि दुकानदार धरना पर बैठे।



हिसार। धरने पर बैठे दुकानदार, विद्यार्थी व अन्य संगठनों के प्रतिनिधि।

---

गर्भवतियों के पंजीकरण में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई

# 21 आशा वर्कर्स को नोटिस, 18 पर लगाया जुर्माना

- फिलहाल जिले में 2384 सहेली तैनात हैं, जो गर्भवती महिलाओं के साथ
- उपायुक्त के स्पष्ट निर्देश-इस प्रक्रिया में प्रकार की कोताही न बरती जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने और गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन पर विशेष बल दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर 21 आशा वर्कर्स को नोटिस और 18 पर पेनल्टी लगाई गई है। फिलहाल जिले में 2384 सहेली तैनात हैं, जो गर्भवती महिलाओं के साथ लगाई गई हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिक अस्पतालों में नशा पीड़ितों की काउंसलिंग व्यवस्थित, गोपनीय व प्रभावी तरीके से की जाए ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिल सके।

गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को लेकर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य संवेदनशील और जनहित से जुड़ा है। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में एक या अधिक बेटियों वाली गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सहेली की नियुक्ति की गई है, ताकि उन्हें पर्याप्त देखरेख और परामर्श दिया जा सके।



हिसार। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त अनीश यादव।

**बरवाला में नशा पीड़ितों के लिए विशेष ओपीडी शुरू**

बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि पिछले महीने नशे के आदि हो चुके 108 लोगों की काउंसलिंग की गई है और उनका उपचार सिविल अस्पताल द्वारा किया जा रहा है। बरवाला में सप्ताह में एक दिन नशा पीड़ितों के लिए विशेष ओपीडी शुरू की जा चुकी है। वहीं, नारनौंद व हांसी में भी इस माह के अंत तक नियमित काउंसलिंग सेवाएं आरंभ कर दी जाएंगी। उपायुक्त ने नशा पीड़ितों के आंकड़ों का विश्लेषण कर हाउस विजिट सहित अन्य आवश्यक उपाय करने को कहा।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगराधीश हरिराम, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, डीआईओ दीपक भारद्वाज, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, डॉ. सुशील, डॉ. तरुण सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धान की रोपाई करते समय आसमानी बिजली गिरने से युवक की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव उगालन में बिहार से आए एक युवक की धान की फसल की रोपाई करते समय आसमानी बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक के शव का जींद के सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर उनके परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान बिहार के जिला अररिया निवासी जीतन के रूप में हुई है।

बिहार के जिला अररिया गांव डुमरिया मिर्जापुर निवासी संजय ने बताया कि हर साल हरियाणा में धान की फसल की रोपाई करने के लिए आते हैं। अबकी बार भी अजय, ऋषि देव, बिंद्रेरी और जीतन इत्यादि गांव उगालन में सुरेश के खेत में आए हुए थे। सोमवार की सुबह सभी इकट्ठे होकर राजू के खेत में धान की फसल की रोपाई करने के लिए गए हुए थे। करीब आठ बजे अजय व जीतन धान की पौध लेकर आ रहे थे। हल्की बारिश हो रही थी। एकदम से आसमानी बिजली कड़कने की आवाज सुनाई दी और जीतन चलता हुआ नीचे गिर गया। जब देखा तो उस पर आसमानी बिजली गिरने से बेहोश हो चुका था। तुरंत ही उसको जींद के सरकारी हॉस्पिटल में लेकर गए। वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृतक घोषित कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने संजय के बयान पर इत्फाकिया कार्रवाई की है।

**जीतन के तीन बच्चे**

मृतक जीतन की करीब पांच साल पहले शादी हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। वे पिछले काफी सालों से हरियाणा में फसल के समय काम करने के लिए अपने साथियों के आता था। फसल का काम पूरा होने पर वापस बिहार चला जाता था। दो महीने में ही काम करके छह महीने का खर्च पूरा हो जाता था।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style



# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।

हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

टीवी मसाला



# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।


## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।



# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** नारायणी वेलफेयर सोयायटी द्वारा हेल्थ एंड हाइजीन सप्ताह मनाते हुए झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता की जानकारी दी। संस्थापिका अध्यक्ष डॉ. गुंजन गोयल ने कहा कि स्वछता न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए बल्कि समुदाय व पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। संस्था पदाधिकारी कीर्ति गोयल, मिताली गोयल व उषा शर्मा ने व्यक्तिगत स्वच्छता के उदाहरण दिए।

### जॉब प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कल

**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित उपमंडल रोजगार कार्यालय में 3 जुलाई को प्रातः 10 बजे जॉब प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा फील्ड ऑफिसर के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यह प्लेसमेंट ड्राइव पंजीकृत बेरोजगार युवाओं के लिए एक अवसर है जो उपमंडल रोजगार कार्यालय में दर्ज है।

### लायंस क्लब ने गोशाला में किया पौधरोपण

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार सेंट्रल द्वारा कृष्ण कपिला गोशाला बाइपास दिल्ली रोड़ में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधा कामरा के 5वें सेवा सप्ताह के तहत गोसेवा व पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गायों को हरा चारा, दलिया व गुड़ खिलाया गया। इस दौरान गोशाला में पौधरोपण के तहत फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस मौके पर राजकुमार छाबडा, शमी नागपाल, नीरज वर्मा, सुरेंद्र छिंदा, हरीश बजाज, सुरेंद्र वासुदेवा, रमेश ठकराल, कृष्ण कक्कड़, हिमांशु खुराना, राजकुमार सिंगल, राजेश पाहवा, संजय तनेजा उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय पाबड़ा के हेड कुक सेवानिवृत्त

**हिसार।** नवोदय विद्यालय पाबड़ा में आयोजित एक समारोह में विद्यालय के हेड कुक रामकेश कुंडू के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विदाई दी गई। 33 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद यह दिन न केवल उनके लिए बल्कि समूचे नवोदय परिवार के लिए अविस्मरणीय बन गया। वर्ष 1986 में नवोदय विद्यालय से जुड़ने के बाद रामकेश कूंडू ने केवल भोजन नहीं परोसा, बल्कि प्रेम, अनुशासन और कर्मठता की मिसाल भी पेश की। उन्होंने मैस को सिर्फ एक भोजनालय नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अपनत्व और संरक्षण का केंद्र बनाया।

### बायोगैस संयंत्रों के लिए 40 प्रतिशत का अनुदान

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सहयोग से बायोगैस उपयोग कार्यक्रम को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में तेजी से प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बायोगैस एक स्वच्छ, प्रदूषण रहित, धुंआ रहित और किफायती ईंधन है, जो 55 से 70 प्रतिशत मीथेन गैस से भरपूर होता है। इसे गोबर गैस संयंत्र के माध्यम से पशुओं के गोबर और जैविक पदार्थों से उत्पन्न किया जाता है। गौशालाओं, डेयरियों और संस्थागत इकाइयों में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार 40 प्रतिशत की आर्थिक सहायता दे रही है।

### 54 एकड़ भूमि पर बेचे जा रहे प्लॉट गैरकानूनी

**हिसार।** जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार द्वारा आमजन को सतर्क करते हुए सूचित किया गया है कि तोशाम रोड पर आभा अस्पताल के सामने राजस्व संपदा डाबड़ा की लगभग 54 एकड़ भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है तथा प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस भूमि पर तैयार किए गए ले-आउट प्लान को रेरा अप्रूव्ड बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है, जबकि यह कॉलोनी पूरी तरह से अवैध है।

## लैबोरेटरी द्वारा रियायती दरों पर चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

# लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा ने किया कई डॉक्टरों और सीए को सम्मानित

शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की
केक काटा और डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी
क्लब के सदस्यों ने पार्क में 50 पौधे भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा द्वारा मंगलवार को शिव पार्क, सेक्टर 13 में क्लब के तत्वावधान में एक कैम्प आयोजित किया गया। इस कैंप के अंतर्गत पौधरोपण, लैबोरेटरी द्वारा रियायती दरों पर चिकित्सा जांच शिविर के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस तथा चिकित्सक दिवस पर डॉक्टर तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया गया जिसमें शहर के जाने-माने अकाउंटेंट तथा डॉक्टर उपस्थित रहे। क्लब की पीआरओ शिवानी देव ने बताया कि इस अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत पाल विशाल वडेरा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला कैबिनेट कोषाध्यक्ष पवन सरदाना, रीजनल चेयरमैन प्रवीन नारंग, जोन चेयरमैन राजेश सरदाना, चीफ कोर्डीनेटर एच.आर. नारंग व प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. मुनीष जुनेजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। क्लब के नवनिर्वाचित प्रधान हरीश छाबड़ा, सचिव मनु गेरा बजाज व कोषाध्यक्ष अशोक नागपाल ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा पार्क में 50 पौधे लगाए। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य बीसी गोयल, राकेश ठकराल, दुनी चंद गोयल, राजेश बहार, महेश चौधरी, मनीष देव, अनिल खट्टर आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** पौधरोपण करते लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा के पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*



**हिसार।** डॉक्टर डे मनाते हुए कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी से जुड़ी महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने डॉक्टर्स को स्मृति चिह्न प्रदान किए

**हांसी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' के अवसर पर मंगलवार को एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. वीरेंद्र मोहन लीखा, अंकित मित्तल, हिमांशी मित्तल, ओपी चराया, डॉक्टर उत्कर्ष मदान के साथ उनके अस्पताल में शिष्टाचार भेंट की व उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. अंकित मित्तल से मिलकर बच्चों को विशेष खुशी का अनुभव हुआ व बच्चों ने संकल्प लिया कि वह भी भविष्य में उन्हीं की तरह एक सफल डॉक्टर बनेंगे। इस अवसर पर प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया डॉक्टर खुद दूसरों की तकलीफों को दूर करके अक्सर अपनी भलाई को नजरअंदाज करते हैं। इसलिए हमारा दायित्व बनता है कि हम भी डॉक्टर के मानसिक स्वास्थ्य और और उनके कल्याण के लिए जागरूकता बढ़ाएं।



**हांसी।** डॉक्टर्स डे पर डाक्टर अंकित मित्तल को स्मृति चिह्न प्रदान करते एसडी मार्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी

### डॉ. मेघा गुप्ता को मिला सम्मान

**हिसार।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. मेघा गुप्ता का सम्मान किया गया। डॉ. गुप्ता एमबीबीएस एवं एम.डी. (त्वचा रोग विशेषज्ञ) हैं तथा हिसार की प्रसिद्ध डमेर्टोलॉजिस्ट एवं हेयर एक्सपर्ट हैं। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष मौसमी कर ने डॉक्टरी पेशा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर डॉक्टर न हों, तो हमारा जीवन अधूरा है। एक डॉक्टर रोजाना 50 से 100 लोगों की सेवा करता है। ऐसे में हमारे देश के युवाओं को आगे आकर डॉक्टर बनने के लिए प्रेरित होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने मिलकर डॉक्टर्स डे को हर्षोल्लास के साथ मनाया, केक काटा गया और सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मौसमी कर, कोमल राठौर, सीमा भुटानी, प्रतिभा, प्रीति भारद्वाज, उर्मिल त्रिखा, संतोष गिरधर, शीतल नागपाल, श्रुति नागपाल आदि मौजूद रही।

## भाजपा नेता हनुमान ने सीएम से मुलाकात की



**हिसार।** सीएम नायब सैनी से मुलाकात करते भाजपा नेता हनुमान वर्मा, साथ हैं मोहनलाल बड़ोली। *फोटो :हरिभूमि*

- हिसार की प्राथमिकताएं और जनता की अपेक्षाएं बताईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के वरिष्ठ नेता हनुमान वर्मा ने मुलाकात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास कबीर कुटीर में मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली भी उपस्थित थे। हिसार के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न विषयों पर गहन और सकारात्मक चर्चा हुई। वर्मा ने मुख्यमंत्री और बडोली को जिले की प्राथमिकताओं और जनता की अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र में कृषि, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने उनके सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और हिसार के विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### आत्माराम हत्या मामले में 5वां आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने ट्रैक्टर ड्राइवर आत्माराम हत्या मामले में पांचवें आरोपी जुगराज सिंह निवासी घुमई, जिला चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। करीब अढ़ाई साल पुराने मामले में आरोपी गिरफ्तारी की गई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी गुरविंदर ने देसी कट्टे से आत्माराम की गर्दन में गोली मारकर उसकी हत्या की थी। उक्त पिस्तोल की गोलियां आरोपी गुरविंदर को जुगराज सिंह ने उपलब्ध करवाई थीं। मृतक आत्माराम के पुत्र उमेश ने 7 फरवरी 2023 को थाना एचटीएम में अपने पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके पिता ट्रैक्टर चालक थे और 5 फरवरी 2023 को 12 क्वार्टर से यह कहकर निकले थे कि वह लकड़ी लेने सिरसा जा रहे हैं, लेकिन 7 फरवरी तक वापस नहीं लौटे। गुमशुदगी की रिपोर्ट के आधार पर थाना एचटीएम पुलिस ने आत्माराम की मोबाइल लोकेशन की मदद से उसकी तलाश शुरू की। गांव बकरियावाली क्षेत्र में फोटो दिखाकर पूछताछ की गई, जिसके बाद 11 फरवरी 2023 को पुलिस को सूचना मिली कि बकरियावाली गांव के पास ड्रेन में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव की पहचान आत्माराम के रूप में हुई, जिसके बाद मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ी गईं और चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## मैराथन, पौधरोपण और रक्तदान कर धूमधाम से मनाया सीए कर्तव्य उत्सव

- एनआईआरसी हिसार ब्रांच ने दिया सामाजिक सरोकार का संदेश : सीए बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

77वें सीए दिवस पर एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा धूमधाम से सीए कर्तव्य उत्सव मनाया गया। यह उत्सव मनाते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व विभिन्न उपक्रमों से जुड़े प्रतिनिधियों ने सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सीए देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्र निर्माण में सीए का विशेष योगदान है। उन्होंने बताया कि सीए दिवस पर आयोजित किए गए सीए कर्तव्य उत्सव में सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। सीए अमन बंसल ने बताया कि स्वास्थ्य सरोकार की अलख जगाते हुए प्रातः मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

ध्वजारोहण करके देश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई गई। सामाजिक सरोकारों की श्रृंखला में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ और सर्वेश अस्पताल द्वारा निशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर जागरूक किया गया। वार्षिक रिटर्न से संबंधित सेमिनार का आयोजन भी किया गया।



**हिसार।** उत्सव में हिस्सा लेते सीए व विभिन्न उपक्रमों से जुड़े प्रतिनिधि।

## कैटल वेलफेयर इंडिकेटर्स मॉड्यूल को मिला कॉपीराइट

- पशुपालन प्रणालियों में गोवंश के स्वास्थ्य और कल्याण का आकलन करने में सक्षम
- भारतीय पशुपालन पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण मानकों के अनुरूप लाने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों ने देश का पहला वैज्ञानिक रूप से संरचित एवं विधिवत कॉपीराइट प्राप्त 'कैटल वेलफेयर इंडिकेटर्स मॉड्यूल' विकसित कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है।

यह मॉड्यूल बीस वैज्ञानिक संकेतकों के माध्यम से विभिन्न पशुपालन प्रणालियों में गोवंश के स्वास्थ्य और कल्याण का व्यवस्थित आकलन करने में सक्षम है। इससे भारतीय पशुपालन पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय पशु कल्याण मानकों के अनुरूप लाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। यह मॉड्यूल पारंपरिक एवं व्यावसायिक दोनों प्रकार की डेयरी प्रणालियों में समान रूप से लागू किया जा सकता है। इस अभिनव प्रयास का नेतृत्व विवि के वैज्ञानिक डॉ. अंकित कुमार ने अपनी पीएचडी शोधकार्य के अंतर्गत सहायक प्रो. डॉ. नीलेश सिंधु एवं डॉ. तरुण कुमार के मार्गदर्शन में किया। परियोजना दल में डॉ. अंकित मगोतरा, डॉ बिस्वा रंजन महाराणा, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. पूजा भ्याण, डॉ. अन्नु यादव, डॉ. शिविका गुप्ता एवं डॉ. सुनील पुनिया सह-आविष्कारक के रूप में शामिल रहे।



**हिसार।** लुवास के प्रशासनिक अधिकारी व अन्य 'कैटल वेलफेयर असेसमेंट मॉड्यूल'वैज्ञानिक प्रोटोकॉल को मिले कॉपीराइट के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### कुलपति ने दी बधाई

इस उपलब्धि पर लुवास कुलपति प्रो. (डॉ.) नरेश जिंदल ने पूरी शोध टीम को बधाई दी तथा इसे पशु चिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र में विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया। प्रो. जिंदल ने कहा कि यह उपलब्धि लुवास की अनुसंधान गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.एस. ढाका, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज और अन्य वैज्ञानिक संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।



**हिसार।** आम सभा में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी कर्मचारी।

### सत्येन्द्र ग्रेवाल बने कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष

**हिसार।** मत्स्य मंत्रालयीय कर्मचारी कल्याण समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में सत्येन्द्र ग्रेवाल को अध्यक्ष, अमित सनसनवाल को उपाध्यक्ष व दीपक सिंधु को प्रधान नियुक्त किया गया। सभा में रेणुकांत तेवतिया को उपप्रधान, दलबीर सिंह को महामंत्री, सुनील कुमार को संयुक्त सचिव, विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष, लविष कुमार को उप कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार को सलाहकार, सुभाष चंद को उप सलाहकार, मंजीत देवी को मीडिया प्रभारी, उर्मिला को उप मीडिया प्रभारी तथा सुमित जांगडा को संगठन सचिव के पद पर चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येन्द्र ग्रेवाल ने मंगलवार को कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों में कार्य करेगी तथा कर्मचारियों को आने वाली मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास करेगी। सभा में देवकांत तिवारी की सेवानिवृति पर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## एसकेआरएन कर्मियों की सेवा सुरक्षा को लेकर चलेगा हस्ताक्षर अभियान

- 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर पब्लिक हेल्थ ब्रांच की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच की बैठक यूनियन कार्यालय में ब्रांच प्रधान दीपक लोट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने की।

बैठक में 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ब्रांच प्रधान दीपक लोट व सचिव राकेश वशिष्ठ ने बताया कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले लागू कर रही है। लगातार हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों के ईपीएफ व ईएसआई में अनियमितताएं हैं, जिसके चलते कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने से वंचित हैं। कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा को लेकर यूनियन द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिला चेयरमैन नरेश गौतम, रामू शर्मा, दीपक शर्मा, अशोक शर्मा, पवन शर्मा, रमेश मिर्जापुर आदि मौजूद रहे।



**हिसार।** पब्लिक हेल्थ ब्रांच की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।




**हिसार।** समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते हुए सोसायटी के अध्यक्ष रोहतास व अन्य पदाधिकारी।

### सेल्फ डिफेंस सोयायटी ने समाजसेवियों को किया सम्मानित

**हिसार।** राजकीय गवर्नमेंट कॉलेज में राज्य स्तर पर सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा नेशनल अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गवर्नमेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने की। इसमें पचास से अधिक समाजसेवा, खेलों में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के संस्थापक रोहताश, प्रधान महेंद्र सैनी, उपाध्यक्ष राधिका अरोड़ा, प्रवीण हिन्दु मीनाक्षी मुद्गल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर पुनीत इंदौरा, संजना सातरोड़, सुमन बहमीन, सुनीता जय सिंह, आदिल्ल ने भाग लिया। राधिका अरोडा ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में समाज सेवा खेलों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पचास से अधिक लोगों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि समाजसेवा में काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया है। इस मौके पर प्रदीप सर्राफ, अधिवक्ता राजेश जांगड़ा, बीबी मेहता, डा. आर डी शर्मा, पवन काका, विक्रम, आशुतोष पवन राठोड, उमेश अरोडा, कनक, गोपी, जीतू धिकताना, पकंज, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

**हिसार।** जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के सफल कार्यान्वयन के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिंदल स्टील लिमिटेड के तुलसी सभागार में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता हिसार रेंज के संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार ने की।

संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने कहा कि जीएसटी के लागू होने से 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को साकार किया गया है। हरियाणा जीएसटी रिटर्न फाइल करने के मामले में पूरे देश में द्वितीय स्थान पर है। इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन की तरफ से सुभाष जैन व कुलदीप सिंह ने अपना वक्तव्य दिया।

## उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र में शिक्षकों की खास भूमिका : कुलपति

# जहां चुनौतियां हों, वहीं होता है उद्यमिता का जन्म

- हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस और वाधवानी फाउंडेशन ने परिवर्तनकारी संकाय विकास कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उच्च शिक्षा में नवाचार और उद्यमशीलता की सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार (गुजविप्रौवि) में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) द्वारा वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से मंगलवार को एक सप्ताह तक चलने वाले संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के 50 से अधिक संकाय प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई उपस्थित रहे, जिन्होंने देश के उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस पहल की दूरदर्शी दृष्टि और संकाय क्षमता निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण की सराहना की। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि जहां चुनौतियां होती हैं, वहीं उद्यमिता का जन्म होता है। उद्यमिता केवल मुनाफा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि समाज के सामने खड़ी समस्याओं को नवाचार और दूरदृष्टि के साथ सुलझाने का एक माध्यम है। कुलपति ने कहा कि सच्चा उद्यमी वही है जो समस्या में अवसर देखता है और अपने विचारों से समाज के लिए मूल्य उत्पन्न करता है। वाधवानी समूह के प्रतिनिधि प्रो. गोपा कुमार ने बताया कि एफडीपी वाधवानी फाउंडेशन के वैश्विक शिक्षण मंच के माध्यम से संचालित किया जा रहा है, जो संकाय सदस्यों के लिए एक अनुकूलित, इंटरैक्टिव और इमर्सिव सीखने का अनुभव प्रदान करता है।

एचएसबी के डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल और एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने अपने शिक्षण संस्थान के विजन के मुख्य घटक के रूप में उद्यमिता शिक्षा को एकीकृत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



**हिसार।** गुजवि में कार्यक्रम का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### चाचा व चचेरे भाई पर पर किया हमला

**बरवाला।** गांव गैबीपुर में एक पारिवारिक विवाद में मारपीट, पथराव करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। गुरदीप ने बताया कि उनके पुत्र के जन्म की खुशी में उनके घर पर जलवा पूजन का आयोजन किया था। छत पर पार्टी का कार्यक्रम था। छत पर रोशनी के लिए लाइटें लगाई गई थीं, जो उनके चाचा राजकुमार के घर पर पड़ रही थीं। रोशनी को लेकर विवाद हो गया।

### सूचना

मैं, हरीश पुत्र श्री रामनाथ निवासी ढाणा खुर्द तहसील हांसी जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हिमांशु उम्र 25 साल मेरे व मेरे परिवार के सभी सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र हरीश को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र हरीश के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



हांसी। अवैध हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपियों को हत्या में प्रयोग किए गए चार अवैध हथियार सप्लाई करने वाले दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तरप्रदेश के अलीगढ निवासी श्याम सैनी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2023 में हुई प्रदीप बडाला उर्फ काला लोहार की हत्या करने वाले मुख्य आरोपियों को चार अवैध हथियार मुहैया करवाए थे। आरोपी पिछले दो साल से लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इस हत्याकांड में पुलिस अभी तक 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### नगर निगम ने 22 बेसहारा पशु पकड़े

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार व अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के दिशा-निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा मंगलवार को सेक्टर 33, रेड स्क्वेयर मार्केट, रामपुरा मोहल्ला, नीलम सिनेमा के पीछे, ऋषि नगर के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 22 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### शिक्षकों के लिए स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** अर्बनएस्टेट स्थित विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई की इन-हाउस प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की गईं। 25जून को क्लासरूम मैनेजमेंट विषयक सत्र हुआ तथा 30जून को लाइफस्किल पर केन्द्रित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। दोनों कार्यशालाएँ सीबीएसई की अनुभवी रिसोर्स पर्सन प्रवीनभाटिया ने अत्यन्त रूचिकर एवं सहभागितापूर्ण शैली में संचालित कीं।

### बैग से आभूषण और नकदी चोरी का आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने बस स्टैंड हिसार पर महिला के बैग से आभूषण व नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक सोने की चेन, चांदी की पाजेब, एक चांदी का सिक्का और 3000 रुपये नकद बरामद किए हैं। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है ।

## दुर्दशा : सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के पांच वर्ष बाद भी नहीं बनी सड़कें

# छुट्टियों के बाद विद्यार्थी स्कूल पहुंचे तो गेट पर मिला जलभराव, नारेबाजी

### विद्यार्थियों ने पानी निकासी का प्रबंध करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरवाला

अनाज मंडी स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर बरसात के पानी ने विद्यार्थियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गर्मी की छुट्टियों के बाद मंगलवार को स्कूल दोबारा खुला लेकिन बारिश के चलते स्कूल के मुख्य द्वार के बाहर जलभराव हो गया। विद्यार्थियों को गंदे पानी से होकर स्कूल में प्रवेश करना पड़ा। आक्रोशित होकर उन्होंने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। गुस्साए विद्यार्थियों ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मण्डी के मुख्य गेट के समक्ष समेत आसपास के क्षेत्र में सीवरेज के गंदे और बरसाती पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। थोड़ी सी बारिश के आने पर तो स्कूल के पास गंदे व बरसाती पानी का भराव हो जाता है और दलदल बन जाती है। इससे विद्यार्थियों और स्टाफ का विद्यालय में आने जाने का रास्ता लगभग बंद हो जाता है । इसके अलावा स्कूल के पास ही खंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय और पुरानी अनाज मंडी भी स्थित है । परंतु इस क्षेत्र में गंदे व बरसाती पानी की निकासी नहीं हो रही है। इसके चलते आने जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भी अनेक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए विद्यालय के प्रिंसिपल समेत स्टाफ द्वारा संबंधित विभाग के समक्ष कई बार गुहार लगाई जा चुकी हैं परंतु ये अधिकारी एक दूसरे के विभाग का कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।



बरवाला। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अनाज मंडी के गुस्साए विद्यार्थी नारेबाजी करके प्रदर्शन करते हुए।

**एसडीओ को लिखा पत्र**

जब इस बारे मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान करवाने बाबत एक्सईएन को लिख दिया था परंतु एक्सईएन ने इस समस्या का समाधान करवाने बाबत पब्लिक हेल्थ के एसडीओ को लिखने बाबत वापस भेज दिया है। इस क्षेत्र की जगह को मैनहोल से जोड़ना है। इस समस्या का समाधान करवाने बाबत पब्लिक हेल्थ के एसडीओ को लिख दिया गया है।

# बरसात के मौसम में यहां पैदल चलना भी मुश्किल

### छह से अधिक कॉलोनियों की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरवाला

शहर के नए बस स्टैंड के सामने न्यू कक्कड़ मार्केट, सरस्वती कॉलोनी, मॉडल टाउन व ताज कॉलोनी की सड़कों की दयनीय हालत बनी हुई है। सीवरेज पाइन लाइन बिछाने के पांच वर्ष बाद भी सड़कों का निर्माण कार्य नहीं किया गया। ऐसे में बारिश के दिनों में इन एरिया की सड़कों से पैदल चलना भी मुश्किल भरा रहा है। न्यू कक्कड़ मार्केट व मॉडल टाउन में चार लाइब्रेरी, पांच अस्पताल, छह एजुकेशन एकेडमी, वृद्धाश्रम, एक फाइनेंस कंपनी, दो जिम, कंप्यूटर सेंटर व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 12वी कक्षा तक का एक स्कूल बना हुआ है। इनमें हजारों विद्यार्थियों व व्यक्तियों का आवागमन होता रहता है। लेकिन गलियों की हालत खराब होने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष व दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के डायरेक्टर सत्यवान कुंडू ने बताया कि बरवाला शहर के नए बस स्टैंड के सामने न्यू ककड़ मार्केट, सरस्वती कॉलोनी, मॉडल टाउन व ताज कॉलोनी की सड़कों के हालत आज किसी से छिपी नहीं है। इन कॉलोनियों में पांच वर्ष पहले सीवरेज की पाइप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन सड़के नहीं बनाई।



बरवाला। नए बस स्टैंड के सामने न्यू कक्कड़ मार्केट में बारिश के बाद बने गड्ढे व दलदल। फोटो :हरिभूमि

*गुहार लगाकर थके चुके लोगों की मंत्री गंगवा से आसः उन्होंने बताया कि पहले कई बार बरवाला के पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, डीसी हिसार, एसडीएम बरवाला को भी यहां पर सड़के बनवाने की मांग की गई थी लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ और अब बरवाला के मौजूदा विधायक व कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को भी मांग पत्र सौंपा जा चुका है और शहरवासी मंत्री रणबीर गंगवा से सड़क समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।*

# सेंट कबीर स्कूल को मिला एसडीजी अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

सेंट कबीर स्कूल को शिक्षा एवं सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित सर्वेक्षण के आधार पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) स्कूल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित संस्था नीति आयोग, भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत है। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरू महतानी ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार विद्यालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों को अपनी शैक्षणिक योजनाओं, पाठ्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विद्यालयी वातावरण में प्रभावी रूप से समाहित करने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।

यह सम्मान इस बात का प्रतीक है कि सेंट कबीर स्कूल केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों को ज़िम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह सम्मान विद्यालय की संरक्षिका सविता सिंह ने एक गरिमामयी समारोह के दौरान ग्रहण किया। विद्यालय निदेशिका नेहा सिंह ने भी इस गौरवपूर्ण अवसर पर सभी को बधाई दी।




हिसार। सम्मान ग्रहण करती सेंट कबीर विद्यालय की संरक्षिका सविता सिंह।

# हिन्दू एकता वाहिनी ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, चर्च, मस्जिद व कोर्ट में होने वाली शादी में माता-पिता की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हिन्दू एकता वाहिनी ने आज समान नागरिक संहिता कानून को लेकर राज्यपाल के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। हिन्दू एकता वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष पीयूष महता ने बताया कि देश के 15 राज्यों व हरियाणा के 19 जिलों में हिन्दू एकता वाहिनी द्वारा ज्ञापन सौंपे गए हैं। हिन्दू एकता वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुकम सिंह भाटी ने बताया कि राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में हिन्दू एकता वाहिनी ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य की तरह हरियाणा में भी समान नागरिक संहिता कानून पास होना चाहिए। इसमें तीन बच्चों से अधिक वाली दंपति को सरकारी सुविधाओं व मतदान के अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। जो लड़की देश से बाहर विवाह कर ले, उसके विवाह की तारीख से ही उसकी भारतीय नागरिकता समाप्त की जानी चाहिए। किसी भी परिस्थितियों में परिवार की सहमति के बिना लड़का या लड़की की शादी कोर्ट मैरिज, आर्य समाज मंदिर, मौलवी या चर्च में की जाती है उसमें माता-पिता की सहमति अनिवार्य होनी चाहिए। हिंदू एकता वाहिनी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के अवसर पर पार्षद राजेन्द्र बिढ़लान, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, एडवोकेट सुनीता श्योकंद, शंकर नांगरू, सुरेन्द्र खुराना, राजीव राजपाल, संदीप भाटिया, श्याम मधु, बसंत छाबड़ा, मोहित गिरधर, अमरनाथ कुकरेजा, विपिन कुकरेजा, शैली कुकरेजा, वासुदेव गेरा, सुदर्शन मुखीजा, सुनील कुमार, दीपक वसूजा, सोनू चावला, विक्की अरोड़ा, नारायणदास डाबर, सुभाष मुखीजा, साधिका अरोड़ा मौजूद रहे।





हिसार। शांति नगर पार्क में जिम की मशीनें को ठीक करते निगम कर्मचारी।

### नगर निगम का सोया प्रशासन जागा, पार्क में विकास शुरू

**हिसार।** शांति नगर हनुमान मंदिर पार्क में कई महीनों से चली आ समस्याओं की सुध लेने के लिये नगर निगम का प्रशासन जाग गया है। निगम अधिकारियों के आदेशों पर पार्क में बने जिम की टूटी मशीनों को ठीक करने का काम शुरु हो गया। पार्क में रोजाना सैर करने आने वाले बंसीलाल पठनेजा, महेन्द्र पाल, संजय मुंजाल, कार्तिक, लक्की आदि ने पार्क में महीनों से टूटे पड़े झूलों, जिम की टूटी मशीनों, सफाई व्यवस्था, पूरे पार्क में एक भी डस्टबिन का न होना, घास लगाने की जरुरत आदि समस्याओं को उठाया था। एक्सरसाइज की टूटी मशीनों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कई बार समस्याएं उठाने के बाद अब नगर निगम प्रशासन ने पार्क की सुध ली है। जिम की मशीनों को व झूलों को ठीक करने का काम शुरु कर दिया गया है। इसके बाद पार्क में तिरंगी लाईटें लगाने व साफ-सफाई करवाने के लिये कदम उठाये जाएंगे। क्षेत्र वासियों ने निगम प्रशासन का आभार जताया है।

# लंबित मामलों शीघ्र निपटाएं अधिकारी : डीसी

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि तहसीलों में लंबित जमाबंदी, इंतकाल व राजस्व कोर्ट के मामलों का शीघ्रता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी सहायक के लंबित मानदेय तुरंत जारी करने, तहसीलों में कंप्यूटर सिस्टम की कमियों को दूर करने और ऑपरेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी संसाधनों की दुरुस्ती राजस्व कार्यों की गति और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त ने सीएम विंडो व जन संवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटान किया जाए। बैठक में नगराधीश हरिराम, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बैनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, डीआईओ दीपक उपस्थित रहे।



हिसार । बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनीश यादव।

### दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 6 जुलाई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा संचालित एमफार्म फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री, एमफार्म फार्मास्युटिक्स, एमफार्म फामार्कोलॉजी व एमफार्म फामार्कोगनोसी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

इन कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय फार्मास्युटिकल के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी चिकित्सीय कोर्स रोजगारोन्मुखी हैं। विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार इन कोर्सिज में दाखिला लेकर अपना शानदार करियर बना सकते हैं।

# ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी का किया 20 हजार का चालान

**हांसी।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान रामायण टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक ब्लैक फिल्म लगी गाड़ी को रोक मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी का 20 हजार रुपये का चालान किया और गाड़ी के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म को मौके पर उतारा गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि ब्लैक फिल्म लगाना कानूनन प्रतिबंधित है, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों को छुपाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार के उल्लंघनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, सभी थाना प्रबंधकों एवं चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई वाहन चालक ब्लैक फिल्म का प्रयोग करता पाया गया, तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

### बैच प्रेस चैंपियनशिप में लक्ष्य ने 182.5 किलोग्राम भार उठाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

# विश्व विजेता खिलाड़ी का राजकीय महाविद्यालय में जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

पावर लिफ्टिंग में विश्व बैंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 के विश्व विजेता खिलाड़ी लक्ष्य कुंडू का राजकीय महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने कॉलेज में बीए द्वितीय कक्षा के छात्र लक्ष्य कुंडू व उसके पिता राजेश कुंडू को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ विवेक कुमार सैनी ने कहा कि हमें अपने लाडले विद्यार्थी लक्ष्य कुंडू की उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने लक्ष्य के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महाविद्यालय में प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी तथा संसाधन उपलब्ध करवाने में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

शारीरिक शिक्षा के विभाग अध्यक्ष डॉ सुखबीर दूहन ने लक्ष्य कुंडू की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए बताया कि लक्ष्य ने नार्वे के ड्रमेन शहर में गत 18 से 24 मई 2025 तक आयोजित विश्व बैंच प्रेस चैंपियनशिप में भारत की तरफ से भाग लेते हुए न केवल स्वर्ण पदक प्राप्त किया बल्कि कॉमन वैल्थ रिकॉर्ड और अपने ही एशियाई रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए इतिहास रचा है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य ने 182.5 कि ग्राम भर उठा कर एक विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। इसी के साथ सिंगल बैंच प्रेस पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया है।

डॉ. सुखबीर सिंह दूहन ने बताया कि लक्ष्य की मां एक सामान्य ग्रहणी है तो पिता राजेश कुंडू भारतीय सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। एक सामान्य परिवार से संबंध रखता है। इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र सेवदा, प्रो. सुरेंद्र बाजिया, डॉ. चंद्रकांत गोर्शी, डॉ. यशवंत सांगवान, डॉ. अनीता हुड्डा, डॉ. सुरेंद्र कासनियां ने लक्ष्य कुंडू व उसके पिता राजेश कुंडू को गुलदस्ते भेंट किए।



हिसार। छात्र लक्ष्य का स्वागत करते कॉलेज प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी।



हिसार। फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी से सम्मान प्राप्त करती टैरो रीडर ऋचा।

# हिसार की टैरो रीडर ऋचा को मुंबई में हेमा मालिनी ने सम्मानित किया

हिसार। शहर के सेक्टर 14 निवासी और टैरो रीडर ऋचा एन गोयल को मुंबई में आयोजित सोलफुल बिजनेस रिट्रीट 2025 समारोह के दौरान प्रतिष्ठित एम्प्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और राज्यसभा सांसद हेमा मालिनी तथा उनके मार्गदर्शकों द्वारा उन्हें ऑक्ल्ट विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर फीयरलेस ऐंड फेमिनिन नामक पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसमें देशभर की 27 प्रेरणादायक महिलाओं की कहानियां प्रकाशित की गई हैं। ऋचा की आत्मिक यात्रा "दि लाइट विदिन : ऋचा'ज़ जर्नी फ्रॉम साइलेंस टू सोल पर्पज़" भी इस पुस्तक का हिस्सा है। कोलकाता में जन्मी ऋचा का विवाह हरियाणा के नवीन गोयल से हुआ और वे वर्तमान में हिसार के सेक्टर 14 में निवास कर रही हैं। एक समर्पित गृहिणी के रूप में परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियाँ निभाते हुए भी उनके भीतर आत्मिक विकास और समाज सेवा की गहरी प्रेरणा बनी रही। वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के दौरान आत्मा के उद्देश्य की ओर कदम बढ़ाया। ऋचा का मानना है कि उनकी सफलता में उनके माता-पिता, पति, पुत्र, भाई के साथ-साथ उनके दोनों गुरुओं का अमूल्य योगदान रहा है।